दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्ष :-04
अंक:-229
मुरादाबाद
10 December 2024
(Tuesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मुख्यमंत्री योगी बोले- जो मंदिर जाएगा वह भी हिंदू और जो नहीं जाएगा वह भी



रामा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक विश्वविद्यालय होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का कोई भी सनातन धर्मावलंबी यह नहीं कह सकता कि वह तभी हिंदू है जब मंदिर जाएगा। जो मंदिर जाएगा वह भी हिंदू और जो नहीं जाएगा वह भी हिंदू है। उसके लिए कोई बाध्यता नहीं है। वह रविवार को रामा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि मैं वेदों को मानूं चाहे न मानूं, शास्त्रों पर विश्वास करूं चाहे न करूं। फिर भी मेरा हिंदुइज्म मुझसे भागा नहीं जा रहा है। अगर दुनिया के अंदर किसी ने धर्म को जाना है तो वो भारत के ऋषि हैं। याद रखना आप राम चरित मानस पढ़ते होंगे। तुलसी दास भी कहते हैं - जिसके अंदर श्रद्धा है उसको ही ज्ञान मिलता है। इतने उपनिषद का मंत्र आज हजारों साल बाद भी दीक्षा उपदेश बनकर युवाओं को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रयास कर रही है कि प्रत्येक कमिश्नरी में एक विश्वविद्यालय हो। निजी क्षेत्रों को भी आगे लाया जा रहा है। प्रदेश में 1970 तक सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज थे। कोविड काल में अध्ययन कराया गया तो 75 में से 26 जिलों में आईसीयू की सुविधा नहीं थी। आज 75 में से सिर्फ 10 से 12 में मेडिकल कॉलेज यह सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि 1998 में उषा का मोबाइल फोन लिया था। एक महीने इस्तेमाल किया तो बिल 10 हजार आ गया। मैंने उसको रख दिया। आज इनकमिंग और आउट गोइंग बिलकुल फ्री है। 1990 में कंप्यूटर का विरोध हुआ था। इसके बावजूद सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट मुहैया करा रही है।


कुछ लोगों के विरोध से बदलाव नहीं रोक सकते हैं। ऐसे ही जीपीएस आया तो उसका विरोध हुआ, क्योंकि तेल चोरी रुक गई। आज चैट जीपीटी, क्रिप्टो करेंसी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का युग है। इनकी वजह से डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। इनकी रोकथाम के लिए जागरूक होने की जरूरत है। बोले, एग्रीकल्चर में जीन एडिटिंग में कार्य शुरू हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टुकड़े-टुकड़े गैंग के नेता हैं राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बता दिया देशद्रोही

गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने देशद्रोह किया है। राहुल गांधी, जॉर्ज सोरोस की भाषा बोल रहे हैं। जॉर्ज सोरोस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर सोमवार को तीखा हमला बोला। गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी को टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेता बता दिया। गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के साथ ही सोनिया गांधी को भी निशाने पर लिया और दोनों पर देशद्रोह करने का गंभीर आरोप लगा दिया। केंद्रीय मंत्री ने दोनों पर जॉर्ज सोरोस के साथ सांठगांठ करने का आरोप लगाया। गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी-सोनिया गांधी को बता दिया देशद्रोही- गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने देशद्रोह किया है। राहुल गांधी, जॉर्ज सोरोस की भाषा बोल रहे हैं। जॉर्ज सोरोस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। ऐसे में राहुल गांधी और सोनिया गांधी को इसका जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के नेता हैं।

## राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करने की जरूरत, पीएम मोदी बोले



उन्होंने कहा कि आज भारत, विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है। आज भारत का युवा, विश्व में अपनी क्षमता और सामर्थ्य को प्रमाणित कर चुका है। हमें राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करने की जरूरत है। आज जरूरत है कि राजनीति में भी हमारे युवा नेतृत्व करें। अब हम राजनीति को सिर्फ परिवारवादियों के लिए नहीं छोड़ सकते, इसलिए हम नए वर्ष में, 2025 में नई शुरूआत करने जा रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में रामकृष्ण मठ की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों की ऊर्जा कई सदियों तक संसार में सकारात्मक सृजन को विस्तार देती रहती है, इसलिए स्वामी प्रेमानंद महाराज की जयंती के दिन हम इतने पवित्र कार्य के साक्षी बन रहे हैं। लेखंबा में नवनिर्मित प्रार्थना सभागृह और साधु निवास का निर्माण, ये भारत की संत परंपरा का पोषण करेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद आधुनिक विज्ञान के बहुत बड़े समर्थन थे। स्वामी जी कहते थे कि विज्ञान का महत्व केवल चीजों और घटनाओं के वर्णन तक नहीं है, बल्कि विज्ञान का महत्व हमें प्रेरित करने और आगे बढ़ाने में है। पीएम मोदी ने कहा कि आज आधुनिक टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में भारत की बढ़ती धमक, दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में भारत की नई पहचान, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ते कदम... आज का भारत अपनी ज्ञान परंपरा को आधार बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रहा है। आज हम अमृतकाल की नई यात्रा शुरू कर चुके हैं, हमने विकसित भारत का अमोग संकल्प लिया है, हमें इसे पूरा करना है और तय समय सीमा में पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आज भारत, विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है। आज भारत का युवा, विश्व में अपनी क्षमता और सामर्थ्य को प्रमाणित कर चुका है। हमें राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करने की जरूरत है। आज जरूरत है कि राजनीति में भी हमारे युवा नेतृत्व करें। अब हम राजनीति को सिर्फ परिवारवादियों के लिए नहीं छोड़ सकते, इसलिए हम नए वर्ष में, 2025 में नई शुरूआत करने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर, युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में **Young Leaders Dialogue** का आयोजन होगा। इसमें देश से 2,000 चयनित युवाओं को बुलाया जाएगा। करोड़ों अन्य युवा भी **technology** के माध्यम से इससे जुड़ेंगे। युवाओं की दृष्टि से विकसित भारत पर चर्चा होगी। युवाओं को राजनीति से जोड़ने का रोड मैप बनाया जाएगा। हमारा संकल्प है, आने वाले समय में एक लाख प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीति में लाएंगे और ये युवा देश का भविष्य बनेंगे।

## अयोध्या पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष: बोले-संभल में भाजपा ने कराया दंगा, हार के डर से टलवा दिया मिल्कीपुर उपचुनाव



अयोध्या पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने संभल में दंगा कराया। मिल्कीपुर उपचुनाव हार के डर से टलवा दिया। यूपी के अयोध्या में सोमवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पहुंचे। साथ में अन्य दो सपा नेता भी मौजूद रहे। इन लोगों ने भाजपा पर संभल में दंगा करवाने का आरोप लगाया। यही नहीं कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव हार के डर से टलवा दिया। कहा कि भाजपा में हिम्मत होती 20 नवंबर की जगह 13 नवंबर को ही चुनाव करवा देती। लेकिन, हार के डर से चुनाव टलवा दिया गया। कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव टिकट वितरण में सांसद अवधेश प्रसाद पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाले सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सूरज चौधरी की ओर से पार्टी छोड़ने पर कहा कि यह वह लोग हैं जो भाजपा और आरएसएस की पिच पर खेलते हैं। सपा सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है।बीजेपी हार रही थी विधानसभा उपचुनाव- सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव भाजपा ने रोकवाया। मिल्कीपुर का विधानसभा उपचुनाव बीजेपी हार रही थी, इसलिए चुनाव रोका गया। इसके बाद नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव कराए गए। भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि हिम्मत होती तो 13 नवंबर को ही चुनाव करवा देते लेकिन हार के डर से 20 नवंबर को कराया गया। बेईमानी की नीयत से 13 तारीख के बजाय 20 तारीख को चुनाव करवाया गया। उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की गई। संविधान की धज्जियां उड़ाई गई। इसलिए यह उपचुनाव लोकतंत्र के मुताबिक नहीं रहा। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संभल में हिंसा हुई नहीं हिंसा कराई गई। सरकार कानून का पालन नहीं कर रही है। 1991 में पूजा स्थल अधिनियम बना, उस अधिनियम के विपरीत जामा मस्जिद का सर्वे कराया गया। भाजपा को अयोध्या में चारों खाने चित्त किया-सपा नेता सूरज चौधरी के पार्टी छोड़ने पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव ने कहा कि सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है। आरोप प्रत्यारोप लगते रहते हैं, यह लोग आरएसएस और बीजेपी के पिच पर खेलने वाले हैं। समाजवादी पार्टी हर कार्यकर्ता की बात सुनती है। समाजवादी पार्टी ने भाजपा को अयोध्या में चारों खाने चित्त किया है। जिनको बड़ा गुमान था उनका झंडा बड़ा बुलंद है, वह झंडा यहीं पर उतर गया। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि सपा का एक प्रतिनिधिमंडल संभल जा रहा था। उनको रोकने का काम किया गया। आखिर सरकार संभल में क्या छुपाना चाहती है। संभल की घटना भाजपा की एक समझी बूझी रणनीति है। उन्होंने हत्या करवाई है। संभल का दंगा भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने करवाया है। गोंडा जाते समय अयोध्या हाईवे पर किया स्वागत-समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद व सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव गोंडा जाते समय अयोध्या हाईवे के एक होटल पर रुके थे। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व सपा महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लीलावती कुशवाहा के नेतृत्व में तीनों नेताओं का स्वागत किया गया।

## बदायूं में बोले प्रवीण तोगड़िया: हिंदू आज खतरे में... बांग्लादेश में हो रहा अत्याचार; लोगों से की ये अपील



डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने भारत में हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज हिंदू खतरे में हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया बदायूं से फर्रुखाबाद जाते समय सोमवार को म्याऊं कस्बे में रुके। यहां संगठन के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। तोगड़िया ने कहा कि हिंदू आज खतरे में हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने हर सप्ताह हनुमान चालीसा का पाठ गांव-गांव कर लोगों को जागरूक करने की कार्यकर्ताओं से अपील की।प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में वह भ्रमण कर रहे हैं, ताकि भारत सरकार हिंदुओं की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए। सोमवार को बिल्सी से फर्रुखाबाद जाते समय रास्ते में म्याऊं के पेट्रोल पंप पर रुके। यहां राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। फूलमाला से उनका स्वागत किया गया।हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर जताई चिंता -इस दौरान डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हिंदू धर्म , हिंदू राष्ट्र , हिंदू समाज को भगवान ने बनाया है, लेकिन आज हिंदू खतरे में है। दुनिया की आठ सौ करोड़ की आबादी में मात्र सौ करोड़ हिंदू बचे हैं। वो बांग्लादेश में मार खा रहा है। भारत में हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर उन्होंने चिंता जताई। तोगड़िया ने कहा कि हम तन मन धन से हिंदुओं के लिए काम करेंगें।

तोगड़िया ने हर गांव हर सप्ताह लोगों को इकट्ठा करके हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपील की। इसके बाद प्रयागराज में शुरु हो रहे महाकुंभ में साधु सन्तों के भोजन व्यवस्था के लिए ट्रस्ट में डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों को कुंभ आने का निमंत्रण भी दिया। इस मौके पर अभय प्रताप सिंह, पंकज गुप्ता, शुभम, करण, रौनक ठाकुर, हरेन्द्र सिंह, बिजेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## मल्लिकार्जुन खरगे का PM मोदी पर हमला; कहा- किसान न्याय की गुहार लगा रहे, केंद्र ने बार-बार धोखा दिया

रविवार को हालात तब बिगड़ गए जब पुलिस ने किसानों का पहले फूल बरसाकर स्वागत किया, लेकिन जब वह बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे तो आंसू गैस के गोले छोड़ दिए। इससे कई किसान घायल हो गए। अब कांग्रेस ने केंद्र पर हमला बोला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने सोमवार को कहा कि किसान न्याय की गुहार लगा रहे हैं क्योंकि मोदी सरकार ने उन्हें बार-बार धोखा दिया है। साथ ही जोर देकर यह भी कहा कि किसानों से उनकी आवाज उठाने का अधिकार नहीं छीना जाना चाहिए।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि किसान को बार-बार क्यों न्याय के लिए दिल्ली की दहलीज पर आना पड़ रहा है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, %आज जब हरियाणा व राजस्थान के दौरे पर होंगे, तो मुझे उम्मीद है कि आप अन्न उपलब्ध कराने वाले किसान के जद्दोजहद को समझने की कोशिश जरूर करेंगे। किसान न्याय की गुहार इसलिए लगा रहे हैं , क्योंकि बार-बार आपकी सरकार ने उन्हें धोखा दिया है।%किसानों को क्या कुछ धोखा दिया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, %2022 तक किसानों की आय दोगुनी न करने का धोखा, स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार इनपुट लागत + 50 फीसदी एमएसपी लागू न करने का धोखा और एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के लिए एक समिति बनाने, लेकिन उस पर कार्रवाई न करने का धोखा।%किसानों पर दागी लाठियां- उन्होंने आगे कहा कि न पर्याप्त खरीदी, न उचित दाम, न कानूनी गारंटी का इंतजाम, ऊपर से खाद-डीएपी व उर्वरकों की भारी किल्लत से किसान परेशान ! आपने किसानों की राह पर कंटीले तारों का जाल बिछाया, फिर से दिल्ली बॉर्डर को छावनी बनाया, आंसू गैस से उनकी शांतिपूर्ण कूच को रोकने का प्रयास किया। इससे पहले उनपर रबर बुलेट दागे और लाठियां बरसाईं। %शहीद किसानों की याद में मौन भी रखना मुनासिब नहीं समझा%- कांग्रेस नेता ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि यही नहीं, संसद में आपने खुद किसानों पर आंदोलनजीवी और परजीवी की अपमानजनक टिप्पणी की और 750 शहीद किसानों की याद में दो मिनट का मौन रखना भी मुनासिब नहीं समझा। इस परिस्थिति में आप और आपके कृषि मंत्री चाहे जितने भी झूठ बोल लें, अन्नदाता किसान समझ गए हैं कि आप उनके घोर विरोधी हैं।उन्होंने अंत में कहा कि किसानों से उनके आवाज उठाने का हक मत छीनिए, उनके साथ अन्याय मत कीजिए!

## संपादकीय Editorial

### Right to remain rural

Himachal's future has been avoiding the definition of opposition or politics has pampered the people so much that the islands of reality have drowned. Here the people know the trick of becoming rich in the poverty of the state, the world has tried its tantrums with great intensity. The recent tantrum is that despite the urban status of lifestyle and culture, the people want the right to remain in a tax-free rural system. It is not hidden from anyone that about 30 percent of the population in Himachal is completely urban, while the entire state is developing in urban mentality. In this context, new cities are emerging, so the government gave the status of municipal corporations to Hamirpur, Una and Baddi, while the boundaries of the Ministry of Urban Development were extended to change the face of some towns under the cover of Nagar Panchayats and Councils, but in the midst of this process, the habit of finding faults chose to oppose the decision. Neither the scope of municipal corporations is liked nor the system of urban bodies is liked. It is a different matter that the rural economy is missing from what we consider as rural areas. What should happen is that if 80% farming is not happening in the village, then it should be considered urban. If stray animals are increasing in the village, food and milk products are coming from other states, then it should be rejected from the subject of agriculture and linked to the urban economy. The surprising thing is that the rural environment is not left in the length and breadth of Baddi, but the public has to form the meaning of anger on the ground of rural benefits. All this is tied to the opposition to the intentions of the Municipal Corporation despite the business spreading across Una, and somewhere by looking at the rural voices in the urban language of Hamirpur, one can also guess how difficult it is to build an urban tax empire in Himachal. It is also difficult for citizens to get used to paying in exchange for facilities and services because the ground of many leaders in the political system is so hollow that they are unable to see with courage and vision even for the future of the state. It is also the result of the implementation of the Village and Town Planning Act, which came into force about five decades ago, that the public wants to ignore the system, law and challenges from the streets of their development. Technically, the qualities of the village and the city could have been protected by implementing the TCP Act in the entire state. The opposite happened because formalities have not only given any shape to the planning of any city till date, but the status of Smart City given to Dharamshala and Shimla has also been ruined. To save the city, it was necessary to first save the character, land and face of the adjoining villages, otherwise today the feet of every city and town would not have trampled the adjoining agricultural land. Many valleys from Parwanoo to Shimla, Jasoor to Jogindernagar, Mandi to Sundarnagar, Nahan to Paonta Sahib, Bhuntar to Kullu or such have lost themselves in the encroachment of urbanization. The needles have pierced the land which once grew gold. Now the danger of the development of four-lane, two-lane and other roads is again looming over the agricultural and horticultural land. In such a situation, legal safeguards are not the only solution, but as an alternative to new settlements, some satellite cities and new investment cities will have to be developed on the map of four lanes. For the planned development of the urban and rural population of the entire state, at least half a dozen area development authorities will have to be established and the role of coordinated development will have to be expanded within them.

# Waiting for timely justice may shake people's trust in the judiciary

Even after 10 years of Modi government, if there is one important thing that has not been done, it is the lack of a solid system to deliver timely justice. In its third term, Modi government has started implementing three new laws in place of criminal laws made during the British era. These were implemented in July this year. Recently, Minister of State for Law and Justice Arjun Meghwal informed in Parliament that out of 1114 posts of judges in the High Courts across the country, 350 posts are vacant. There are a total of 160 posts of judges in Allahabad High Court. Out of these, 74 posts are vacant. There are a total of 85 posts of judges in Punjab and Haryana High Court, out of which 31 posts are lying vacant. There are a total of 94 posts of judges in Bombay High Court, out of which 28 posts are vacant. Similarly, out of 60 posts in Delhi High Court, 21 are vacant. In Calcutta High Court, 27 out of 72 posts are vacant, in Patna High Court, 19 out of 53 posts are vacant, in Rajasthan High Court, 18 out of 50 posts are vacant, in Madhya Pradesh High Court, 16 out of 53 posts are vacant and in Telangana, 14 out of 42 posts are vacant. Similar situation prevails in other High Courts. This is when there is a rule to inform about the vacancies of the posts six months in advance. It seems that this is not taken seriously. Another problem that is seen is that it takes time for the names of the judges to be selected and for getting the approval of the government on them. Many times, complaints are heard from the Collegium that appoints judges that the government does not give the green signal to the names of the judges on time. It is not right that a large number of posts of judges remain vacant in the High Courts. Many times, there is no consensus between the government and the Collegium regarding the names of the judges because the government is not satisfied with some names. Questions keep arising from time to time on the collegium system, because currently under this system judges appoint judges. After coming to power, the Modi government made a new law for the appointment of judges, but the Supreme Court did not like it and it cancelled it. Whatever the Supreme Court says, it is not right that judges appoint judges. This does not happen in any respectable democratic country. As much as it is necessary to have a system for delivering justice on time, it is also necessary that there should be a change in the collegium system. Change is also necessary because the Supreme Court itself had admitted that there is a need to improve the collegium system. After all, when will this need be fulfilled? The problem is not only that the posts of judges are vacant in the High Courts. The problem is also that the posts of judges are lying vacant in various tribunals. Similarly, the posts of judges remain vacant in the lower courts. In any country, the problems that come in the way of implementing the rules and laws have to be resolved by the courts, but in our country the courts are not able to do this work promptly. One reason for this is not only the shortage of judges but also the lack of resources in the courts. Similarly, the practice of adjourning cases is also a big obstacle in providing justice on time. India is a developing country. If the country has to transform from a developing country to a developed country, then along with achieving many other goals, timely justice must also be ensured. It cannot be ignored that more than five crore cases are pending in the lower courts as well as the Supreme Court across the country. Many of these are such that have been pending for decades. It is also surprising that there are a large number of cases in which one party is the public and the other is the government. Why does the government remain entangled in litigation with the public? Lack of timely justice slows down the pace of development and also creates many socio-economic problems. If one important work has not been done even after 10 years of the Modi government, then it is the lack of a solid system for providing timely justice. In its third term, the Modi government has started implementing three new laws in place of the criminal laws made during the British era. These were implemented in July this year. Chandigarh became the first union territory to comply with these laws. In this connection, at a program organized in Chandigarh, Prime Minister Modi said that these three laws will ensure timely justice. In this context, he also cited some examples. These examples are hopeful, but it remains to be seen whether justice will be delivered in all cases on time through these three criminal laws? This question arises because the cycle of adjournments in courts does not seem to end easily. It will end when the mechanism for settling cases within a fixed time frame is seen to be working properly. It is not only necessary that the lower courts deliver justice on time. It is also necessary that the higher courts settle such cases quickly. Only by doing this can people's trust in the judiciary be maintained. It cannot be satisfied that from time to time people associated with the judiciary, the executive and the legislature keep saying that not getting justice on time is a big problem, but the measures that should be taken to overcome this problem are not being taken. If the process of delay in delivering justice does not stop, the day is not far when people will lose faith in the judiciary. This will not be good. It should not be ignored that many people do not want to settle their cases. Instead of going to police stations and courts, people have started resorting to methods other than the judicial process. This should be a matter of serious concern for any democracy. Under no circumstances should people feel that knocking the doors of the court means wasting time and money and still have to wait for justice. It should be the first priority of our policy makers to ensure that people get timely and easily access to justice.

# Save Bangladeshi Hindus, India's concerns have no effect on the interim government

Now there is no doubt that like the interim government of Bangladesh, the army there is also not interested in curbing the extremist elements and stopping the attacks on Hindus and other minorities. It is the impertinence of the Bangladesh government that it is not even caring about the international concerns regarding the attacks on Hindus. If anything is being proved by the burning of Hindu temples and destruction of idols of gods and goddesses in Bangladesh, then it is that India's concerns have no effect on the interim government working under the shadow of the army there. India has been expressing its concern since August about the incidents of targeting of Hindus and other minorities in Bangladesh, but the interim government led by Mohammad Yunus is behaving as if nothing untoward is happening in its country. What is worse is that it is calling the continuous attacks on Hindus and their places of worship as isolated incidents and is also accusing India of unnecessarily commenting on its internal matters. India should tell Bangladesh clearly that the threat to the life and property of Bangladeshi Hindus and other minorities cannot be its internal matter and it cannot be so because they are citizens of undivided India. It is a matter of shame that the interim government of Bangladesh led by Nobel laureate Mohammad Yunus is neither able to stop the attacks on its minorities nor is it able to rein in those extremist and jihadi elements who are engaged in making provocative statements against India. The audacity of these elements has increased so much that they are threatening India. This is possible only when they are getting protection from the government and the army. Now there is no doubt that like the interim government of Bangladesh, the army there is also not interested in curbing the extremist elements and stopping the series of attacks on Hindus and other minorities. It is the impertinence of the Bangladesh government that it is not even caring about the international concerns regarding the attacks on Hindus. It is not right that the Indian government only tries to prevent the persecuted Hindus of Bangladesh from migrating to India. Along with this, it should also ensure that they remain safe there. It is good that the Indian Foreign Secretary is going to Dhaka soon, but there is little hope of the situation improving there. In these circumstances, India should use all the options to put effective pressure on Bangladesh. It should see that international pressure increases on Bangladesh to protect Hindus. By the way, it is sad to see that while many countries have raised their voice against the oppression of Hindus there, the opposition parties in India prefer to remain silent on their oppression. In this regard, BSP leader Mayawati showed them the right mirror. India has been expressing its concern since August about the incidents of targeting of Hindus and other minorities in Bangladesh, but the interim government led by Mohammad Yunus is behaving as if nothing untoward is happening in its country. What is worse is that it is calling the continuous attacks on Hindus and their places of worship as isolated incidents and is also accusing India of unnecessarily commenting on its internal matters. India should tell Bangladesh clearly that the threat to the life and property of Bangladeshi Hindus and other minorities cannot be its internal matter and it cannot be so because they are citizens of undivided India. It is a matter of shame that the interim government of Bangladesh led by Nobel laureate Mohammad Yunus is neither able to stop the attacks on its minorities nor is it able to rein in those extremist and jihadi elements who are engaged in making provocative statements against India. The audacity of these elements has increased so much that they are threatening India. This is possible only when they are getting protection from the government and the army. Now there is no doubt that like the interim government of Bangladesh, the army there is also not interested in curbing the extremist elements and stopping the series of attacks on Hindus and other minorities. It is the impertinence of the Bangladesh government that it is not even caring about the international concerns regarding the attacks on Hindus. It is not right that the Indian government only tries to prevent the persecuted Hindus of Bangladesh from migrating to India. Along with this, it should also ensure that they remain safe there. It is good that the Indian Foreign Secretary is going to Dhaka soon, but there is little hope of the situation improving there. In these circumstances, India should use all the options to put effective pressure on Bangladesh. It should see that international pressure increases on Bangladesh to protect Hindus. By the way, it is sad to see that while many countries have raised their voice against the oppression of Hindus there, the opposition parties in India prefer to remain silent on their oppression. In this regard, BSP leader Mayawati showed them the right mirror.

# मुरादाबाद पहुंचे कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर, संभल हिंसा पर बोले–मौजूदा अधिकारियों को पहले हटाया जाए...

मुरादाबाद- मुरादाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर मुरादाबाद पहुंचे और पत्रकारों से वार्ता की। संजय कपूर ने किसान आंदोलन, संभल हिंसा और बंगलादेश मुद्दे पर बात की। साथी ही वहीं पार्टी संगठन पर भी चर्चा की। संजय कपूर ने कहा कि सरकार ने पहले किसान आंदोलन में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। जिस कारण किसानों को दोबारा आंदोलन करना पड़ रहा है। कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। इसी कारण मनमोहन सरकार में किसानों का 72 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेताओं ने जीएसटी व इनकम टैक्स के मुद्दे पर भी व्यापारियों व कर्मचारियों से छल करने की बात कही। उन्होंने सम्भल विवाद में विदेशी कनेक्शन की जांच का विषय बताया। कहा कि मौजूदा अधिकारियों को पहले हटाया जाए। आरोप लगाया कि कुछ न कुछ छिपाने के लिए ही सरकार राहुल जी को सम्भल नहीं आने दे रही। बांग्लादेश में हिंदूओं के उत्पीड़न पर उन्होंने सरकार से हस्तक्षेप किए जाने की मांग भी की। तो वहीं संगठन पुनर्गठन को उन्होंने एक रूटीन प्रक्रिया बताया। कहा कि शीघ्र ही नई नियुक्तियां कर दी जाएंगी।



# युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस...7 पर केस दर्ज

मुरादाबाद- मैनाठेर। थाना क्षेत्र के गांव कलालखेड़ा में पुरानी रंजिश की वजह से मजदूर ओमपाल की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपियों ने पत्नी और बेटे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने 7 नामजद आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आरोपियों मे दो सगे भाई हैं और दो शिक्षक।थाना मैनाठेर के गांव कलाल खेड़ा निवासी ओमपाल मजदूरी करता था। बताया गया कि गांव के ही रहने वाले कुलवंत, भारत सिंह से उसकी रंजिश चल रही थी। रविवार रात ओमपाल, पत्नी रामवती और बेटे बृजपाल के साथ कुलवंत के घर के सामने गली से होते हुए अपने घर जा रहे थे। आरोप है कि वहां पहले से ही घात लगाए बैठे कुलवंत, भारत सिंह, रंजीत, संजीव एवं रिश्ते के भाई हरपाल ने ओमपाल, रामवती और बेटे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान कुलवंद और भारत सिंह ने तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें ओमपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। बाद में गंभीर हालात में ओमपाल को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि ओमपाल की पत्नी रामवती की तहरीर पर लाखन के छह बेटों के साथ अन्य हमलावरों के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस की तीन टीमें हमलावरों की तलाश में लगी हैं।



# बेकाबू डंपर ने चकबंदी लेखपाल को रौंदा, मौके पर मौत...जांच में जुटी पुलिस

मुरादाबाद- मुरादाबाद-हरिद्वार स्टेट हाईवे पर स्थित सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर आ रहे बाइक सवार चकबंदी लेखपाल प्रेम सिंह को खनन के बेकाबू डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। लेखपाल की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर हड़कंप मचा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक और डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया और मामले की जांच में जुट गई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मचा गया। पत्नी बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला बिजनौर के धामपुर थाना क्षेत्र टीचर कॉलोनी निवासी चकबंदी लेखपाल प्रेम सिंह (52) पुत्र सरूब सिंह सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे के समय अपने घर धामपुर से ड्यूटी करने के लिए सदर तहसील आ रहे थे। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अगवानपुर करबला रोड पर पहुंचने पर खनन से भरे बेकाबू डंपर ने चकबंदी लेखपाल प्रेम सिंह की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। चकबंदी लेखपाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में हंडकप मचा गया। सूचना मिलते थाना प्रभारी मनीष सक्सेना टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। सड़क पर लहुलुहान हालत में पड़े शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।हादसे के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस डंपर और बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आई है। जानकारी करने पर साथी लेखपाल नितिन पावर ने बताया मृतक प्रेम सिंह मुरादाबाद सदर तहसील में बंदोबस्त विभाग में चकबंदी लेखपाल पद पर तैनात थे। वह सोमवार को धामपुर अपने घर बाइक से आते समय एक शिकायत पर मानपुर पट्टी जमीन पैमाईश के लिए जा रहे थे, तभी अगवानपुर के करबला रोड पर पहुंचने पर खनन डंपर ने बाइक मे टक्कर मारते हुए उन्हें रौंद डाला। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



# ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, दो आरोपी फरार...चोरी की 3 कारें भी बरामद

मुरादाबाद- मुरादाबाद पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। जबकि दो आरोपी फरार हो गए। इन गैंग के सभी सदस्य लग्जरी गाड़ियों के लॉक हैक करके चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इस गैंग के तार जम्मू कश्मीर से जुड़े हैं। पुलिस ने ऑटो लिफ्टर की निशानदेही पर चोरी की तीन कारें बरामद की हैं। बीते कुछ समय पहले मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार से एक क्रेटा गाड़ी चोरी हुई थी। इस घटना के वर्कआउट के लिए सीओ सिविल लाइन की निगरानी में एक टीम का गठन किया गया था। सोमवार को पुलिस ने दो शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशान देही पर क्रेटा गाड़ी और दो गाड़ी बलेनो जो दिल्ली से चोरी की गई थी बरामद हुई हैं। पुलिस ने मुगलपुरा थाना इलाके का रहने वाला कुलदीप वर्मा और अमरोहा जिले के डिंडोली थाना इलाके के मुंडा इम्मा गांव निवासी मेहताब को गिरफ्तार किया है। गैंग का पर्दाफाश करते हुए एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि यह बहुत ही हाई प्रोफाइल गैंग है। हमने मेहताब और कुलदीप को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके दो साथी फैजी और इम्तियाज भट्ट मौके से फरार हो गए हैं। इम्तियाज भट्ट जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। यह लोग अपने साथ टूल किट और अन्य उपकरण लेकर चलते थे। ये लोग गाड़ी को अनलॉक करके चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। पुलिस फरार दोनों ऑटो लिफ्टर की तलाश में लगी हुई है। साथ ही इस गैंग पर पुलिस द्वारा गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।



# महानगर की बेटी अमेरिका में जगा रही हिंदी की अलख, दो लाख से अधिक बच्चों को दे चुकीं शिक्षा

### चंदननगर निवासी कादंबरी आदेश कई वर्षों से चला रहीं शिक्षण संस्थान, भारतीय मूल के लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कर रही कार्य

मुरादाबाद- असंगीत घराने से ताल्लुक रखने वाली कादंबरी आदेश विदेश में रहकर हिंदी और हिंदू संस्कृति की लोगों में अलख जगा रही हैं। साथ ही विदेशों में रहने वाले भारतीय लोगों को अपनी मूल धारा से जोड़ने का काम भी कर रही हैं। पहचान बन चुका है। अमेरिका, कनाडा व भारतीय परंपरा से जोड़ रही हैं। वह विदेशों धार्मिक ग्रंथों व संगीत से जोड़कर महानगर आदेश ने बताया कि वह एक संगीत घराने उनकी शादी 1992 में भारत के मशहूर कवि परिवार पहले से ही वेस्टइंडीज में निवास गई। इसके बाद वहां रहने वाले लोगों को बढ़ता गया। कुछ समय बाद परिवार के इस दौरान उन्होंने विदेश में रहने वाले काम शुरू किया। क्योंकि विदेश में लंबे संस्कृति से दूर होने लगे थे। कुछ समय बाद को भारतीय संस्कृति, धार्मिक पुस्तकों व मेहनत कुछ समय बाद रंग लाई और भारतीय आनलाइन वर्कशॉप के साथ भारतीय



पिता से विरासत में मिला संगीत आज विदेश में उनकी वेस्टइंडीज में भारतीय विद्या संस्थान चलाकर बच्चों को में रहने वाले भारतीयों को भारतीय संस्कृति, प्राचीन व व देश का नाम रोशन कर रही हैं। महानगर आई कादंबरी से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता भी बड़े गजलकार थे। हरीशंकर आदेश के पुत्र विवेक शंकर आदेश से हुई। यह कर रहा था। जिसके बाद वह भी वेस्टइंडीज में शिफ्ट हो अपने संगीत से जोड़ना शुरू किया। इस प्रकार यह काफिला साथ कनाडा और फिर अमेरिका तक का सफर तय किया। भारतीय को हिंदी और हिंदू संस्कृति से परिचित कराने का समय से रहने वाले भारतीय परिवार और बच्चे अपनी उन्होंने भारतीय विद्या संस्थान खोलकर लोगों व बच्चों मातृभाषा हिंदी के प्रति जागरूक किया। कादंबरी की समुदाय के लोग उनके साथ जुड़ने लगे। अब लोगों को संस्कृति व हिंदी से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।कोरोना काल में संगीत बना तनाव की दवा-कोरोना में जब लोग काल का ग्रास बनने लगे थे। ऐसे में बच्चों से लेकर बुजुर्गों में कोरोना की वजह से मानसिक तनाव बढ़ने लगा था। इसी को देखते हुए कादंबरी ने आनलाइन का सही इस्तेमाल कर लोगों को संगीत से जोड़ने का काम किया। जिसके बाद लोगों का मानसिक तनाव कम हुआ। दो लाख से अधिक बच्चों को दे चुकीं शिक्षा-भारतीय विद्या संस्थान के माध्यम से कादंबरी दो लाख से अधिक बच्चों को शिक्षा दे चुकी हैं। इस संस्थान में सभी वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस संस्थान के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति के साथ रामायण, भागवत गीता व अन्य धार्मिक पुस्तकों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही बच्चे भी अपनी प्राचीन भारतीय संस्कृति से परिचित हो रहे हैं। चार वर्ल्ड रिकार्ड किए अपने नाम-कादंबरी ने अपने काम के बल पर चार वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर लिए हैं। पहला सोशल मीडिया पर वंदे मातरम् गीत, दूसरा आनलाइन माध्यम से अखंड रामायण, तीसरा भारत के पर्व व त्योहार, चौथा चांद पर तिरंगा गीत शामिल हैं। इतना ही नहीं अलग-अलग मंच पर विदेश व देश में उनको भी सम्मानित किया जा चुका है।पूरा परिवार अमेरिका में बिखेर रहा जलवा-अमेरिका में कादंबरी के पति भी बच्चों को पढ़ाने के साथ उनका सहयोग करते हैं। इनकी तीन बेटियां हैं, तीनों संगीत से जुड़ी हुई हैं। तबला, हरमोनियम व सितार बजाना जानती हैं। वह अपने गीत भी लिखती हैं और स्वयं गीत भी गाती हैं। इनके गीत नमो-नमो कर रहा विश्व, भारत माता के चरणों पर आदि गीत यूट्यूब व अन्य प्लेटफार्म पर प्रसारित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### समावेशी शिक्षा अंतर्गत गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल एवं श्री शषिकांत सिंह (जिला मिषन समन्वयक समग्र शिक्षा) के मार्गदर्शन में ,सहायक संचालक श्री रविन्द्र सिंहदेव एवं सहायक परियोजना, समन्वयक समावेशी शिक्षा श्री शोभनाथ चौबे के समन्वय से जिला स्तर पर समावेशी शिक्षा अंतर्गत गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला मास्टर ट्रेनर श्री प्रमोद कुमार टण्डन के माध्यम से सम्पन्न हुआ। आयोजित प्रशिक्षण में मानसिक विमंदित, बहु विकलांग तथा सेब्रल पालिसी वाले बच्चों के अभिभावकों को उनके बच्चों को किस प्रकार रखा जाये, उनका देखरेख कैसे किया जाये, उनके जीवन को बेहतर कैसे बनाया जाए आदि विभिन्न पहलुओं पर सविस्तार चर्चा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के सभी छः विकासखण्डों से लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### जन -जन की बनी आवाज,यह यह मिशन शक्ति अभियान,रैली निकाली

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।महिला सुरक्षा हेतु विशेष दल थाना हाफिजगंज बरेली द्वारा ग्राम खाई खेड़ा में चौपाल लगाकर महिलाओं ,बच्चियों को अभियान के तहत जागरूक किया ।उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा उन्हें उनकी सहायता या सुरक्षा का आश्वासन दिया

### श्रीमद्भागवत कथा में अजमल चरित्र की कथा सुनाई, भावविभोर हुए भक्त

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महानगर में चल रही श्रीमद् भागवत गीता कथा सप्ताह के तृतीय दिवस सोमवार को कथा व्यास आचार्य वीरेश गौड़ ने अजामिल चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया जीव मृत्यु के समय भी नारायण नाम स्मरण कर मुक्ति को प्राप्त कर सकता है।अजामिल उपाख्यान के उपरांत प्रियव्रत चरित्र यमदूत संवाद , दक्ष के साठ हजार पुत्रों को नारद जी का उपदेश , इंद्र के द्वारा गुरु का तिरस्कार, इंद्र का राज भ्रष्टता, नारायण अस्त्र उपदेश आदि की कथाओं का सरस वर्णन किया।मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण के अवतरण का प्रसंग श्रवण कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आरती के उपरांत यजमान बाबूराम गंगवार , राजकुमारी गंगवार ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की

सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# आईवीआरआई के 135वें स्थापना दिवस एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर का 135वें स्थापना दिवस एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का उद्घाटन केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक एवं कुलपति डा. त्रिवेणी दत्त ने सभी संयुक्त निदेशक, प्रभारी खेलकूद सचिव आदि की उपस्थिति में फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं कुलपति डा. त्रिवे[illegible] ने कहा कि यह संस्थान एशिया का गौरवमयी संस्थान है तथा इस संस्थान ने अपने 135 वर्षों में पशुधन कीर्तिमान अर्जित किये हैं। उन्होंने कहा कि आज से 58 वर्ष पहले डा. चिन्तामणि सिंह ने निदेशक रहे। उन्होंने डा. चिन्तामणि सिंह की में 16 वर्ष तक निदेशक रहे तथा उन्होंने अपने संस्थान को ख्याति दिलाने में उनकी अग्रणी हुआ करते थे लेकिन डा. चिंतामणि की कार्यकाल में 16 विभाग हुए तथा आज के बारे में बताते हुये डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा डा. चिन्तामणि सिंह जी के कार्यकाल में संयुक्त निदेशालय, 2 क्षेत्रीय प्रमुख केन्द्र 19 जर्म प्लाज्म केन्द्र द्वारा देश के पशुधन की से अधिक प्रौद्योगिकियाँ विकसित की हैं को हस्तांतरित किया गया है इसके अतिरिक्त चलाई जा रही हैं। संस्थान की मानव संसाधन संस्थान के 589 एल्मुनाई देश के 29 राज्य अपनी सेवायें दे रहे हैं। संस्थान नई शिक्षा नीति वर्ष 2023 में बीटेक बायोटेक्नोलाजी तथा



स्वास्थ्य, उत्पादन तथा मूल्य सवंर्धन के क्षेत्र में अनेक आज हमें अपने अतीत को याद करने का भी दिन है। आईवीआरआई का चार्ज लिया तथा यहां के वह दूरदर्शी उपलब्धियों के बारे में बताते हुये कहा कि वह इस संस्थान कार्यकाल में संस्थान का सर्वागींण विकास किया। भूमिका रही। स्वतंत्रता से पहले संस्थान में मात्र 5 विभाग दूरदर्शिता का ही परिणाम था कि संस्थान में उनके संस्थान में 19 विभाग हैं। संस्थान की उपलब्धियों कि संस्थान को 1983 में डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा भी मिला। उनकी मेहनत एवं लगन से आज संस्थान में 6 शोध विभाग, 28 अनुभाग, 6 पशुधन अनुभाग तथा सेवा की जा रही है। डा. दत्त ने कहा संस्थान द्वारा 100 जिनमें से 49 महत्वपूर्ण टीकों को 60 वाणिज्यक घरानों संस्थान में 166 बाह्य वित्त पोषित शोध परियोजनायें विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका है जिसके अन्तर्गत इस कृषि तथा पशु चिकित्सामहाविद्यालयों में कार्य कर के नीर्ति निर्देशों का पालन कर रहा है जिसके अन्तर्गत एमबीए पाठ्यक्रम को शुरू किया गया इसी तरह वर्ष 2024-25 में संस्थान की मास्टर इन बायोटेक्नोलॉजी, मास्टर इन वेटरनरी एनाटोमी तथा बीटेक इन फूड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है। इसी प्रकार आगामी वर्ष में 2 एजुकेशनल हब खोले जायेंगे जिनमें पहला एजुकेशनल हब हिसार में तथा दूसरा हब गुवाहटी में प्रारम्भ किया जायेगा। संस्थान ने भविष्य के लिए रोडमेप निर्धारित किये है तथा संस्थान उन्हीं रोडमैप के आधार पर कार्य कर रहा है। प्रभारी खेलकूद प्रकोष्ट एवं आयोजन सचिव किरणजीत सिंह ने कहा कि आज के दिन हम पशु चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में की गई प्रगति को याद करते हैं, हालांकि, हमारे स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को आकार देने में शारीरिक गतिविधि की भूमिका को पहचानना आवश्यक है। हमें स्वस्थ, उत्पादक और सामंजस्यपूर्ण समुदाय के निर्माण में खेलों के महत्व का सम्मान करना चाहिए। खेल केवल शारीरिक परिश्रम के बारे में नहीं हैं, वे अनुशासन, टीमवर्क और लचीलेपन के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली साधन के रूप में काम करते हैं जो न केवल खेलों में बल्कि जीवन में भी आवश्यक हैं। खेल हमें सिखाते हैं कि सफलता को विनम्रता से और हार को शालीनता से कैसे संभाला जाए। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिये सह आयोजन सचिव डा. अभिषेक सहित विभिन्न समितियों के अध्यक्षों, सदस्यों, खेल एवं खेल के संयुक्त सचिवों डॉ. विक्रमादित्य, डॉ. सागर चंद और डॉ. सोनल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक, शोध, डा. एस.के. सिंह, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डा.एस.के. मेंदीरत्ता, संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डा. रूपसी तिवारी, संयुक्त निदेशक कैडराड डा. सोहिनी डे, आईवीआरआई के पूर्व निदेशक डा. नागेन्द्र शर्मा, पूर्व संयुक्त निदेशक राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र हिसार के डा. एस.के. श्रीवास्तव, कम्पट्रोलर श्रीमती संजीवन प्रकाश मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री सुबोध नीरज सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, अधिकारी तथा छात्रगणउपस्थितरहे।

## Hopeline संस्था द्वारा ऑटिज्म अवेयरनेस वर्कशॉप का किया गया आयोजन,फाउंडर रमसा शमसी ने बताया कि कैसे ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों की करें पहचान

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। भारत में लगभग 18 लाख बच्चे ऑटिज़्म से प्रभावित हैं। यह संख्या बड़ी है, लेकिन जानकारी की कमी के कारण कई बच्चों को सही समय पर मदद नहीं मिल पाती। इस वर्कशॉप में गेस्ट




स्पीकर ,child development center की फाउंडर रमसा शमसी ने बताया कि किस प्रकार ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को पहचान सकते हैं तथा बच्चों के साथ किस प्रकार काम किया जाय कि बच्चे एक बेहतर व स्वावलंबी जीवन के सके। वन टीचर वन कॉल की फाउंडर दीपमाला पाण्डेय जी ने कहा कि ऑटिज़्म को लेकर जागरूकता फैलाना और एक समावेशी माहौल बनाना हर किसी की ज़िम्मेदारी है। स्कूलों में समावेशी शिक्षा प्रणाली अपनाई जाए। समझ और सहानुभूति के साथ बच्चों और उनके परिवारों को अपनाया जाय।संस्था द्वारा विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए थेरेपी, काउंसलिंग और समर्थन केंद्र की जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में उपस्थिति वरिष्ठ पत्रकार व उद्यमी कृष्ण गोपाल राज जी ने कहा कि हमें मिलकर बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। तक्ष योगा की संस्थापक तक्षशिला द्वारा योग के प्रयोग से ऑटिज्म पीड़ित बच्चों में किस प्रकार शारीरिक वा मानसिक विकास में सहयोग लिया जा सकता है विषय पर चर्चा की गई। वर्कशॉप में शिखा अग्रवाल,प्रियंका शुक्ला,अशोक शर्मा,राजेश कुमारी, निवेदिता शर्मा,पूजा गंगवार,मीनाक्षी गंगवार, अन्नपूर्णा कुशवाहा,दीपक दुबे,रविन्द्र गंगवार,महेश पाण्डेय, सुरजीत सिंह, नीतेश पांडेय जी का विशेष सहयोग रहा।स्मरण रखें-ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं, यह बच्चों के सोचने और समझने का एक अलग तरीका है। हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें समझें, उनकी मदद करें, और उनके लिए एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ वे खुशी और सम्मान के साथ जी सकें।

## विभागवार प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर कलेक्टर ने की समीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने जिले में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ श्री पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने विभागवार एक-एक आवेदन पर जानकारी प्राप्त कर, निर्धारित समय पर आवेदन के निराकरण पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर में विकास



कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया, जन औषधि केंद्रों, सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीएम श्री स्कूल के सम्बन्ध में जानकारी ली और व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए लापरवाह शिक्षकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में जाति, निवास, आय प्रमाणपत्र बनवाने के स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी छात्रावासों में सुविधाएं बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभागों के अंतर्गत चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में निर्माण कार्य में लगी विभागों पी डब्लू डी, जल संसाधन और पी एच ई अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने पीएम स्वनिधि, सॉइल हेल्थ कार्ड, राशन कार्ड और ई केवाईसी, जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, सुरक्षित मातृत्व अभियान, चिरायु योजना, राशन कार्ड निर्माण की स्थिति, विश्वकर्मा योजना का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी की स्थिति, बच्चों में कुपोषण की स्थिति और महतारी वंदन योजना की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शत प्रतिशत हितग्राहियों का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश किए।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदुओं के जान माल की रक्षा को लेकर व्यापारियो ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। बांग्लादेश की सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं। यह आरोप तमाम सामाजिक और व्यापारिक संगठन लग रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को सेठ




दामोदर स्वरूप पार्क में बड़ी संख्या में बरेली परचून ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के व्यापारी इकट्ठा हुए। सभा में बोलते हुए संगठन के अध्यक्ष ईशन गुप्ता ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देश के हिंदुओं में बहुत गुस्सा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की की बांग्लादेश के हिंदुओं की जान और माल की हिफाजत करने का इंतजाम किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की की बांग्लादेश के मंदिरों की भी सुरक्षा की जाए। सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से बांग्लादेश के खिलाफ नारे लगाते हुए व्यापारी जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में ईशन गुप्ता दिलीप गुप्ता सोनू सदन वीरेंद्र गुप्ता सुमित सिंह प्रथमेश गुप्ता विक्की खंडेलवाल अफसर खान जीत सिंह राजू कठेरिया सहित ट्रांसपोर्ट व्यापारी शामिल रहे।

### जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदको को मिला नियुक्ति आदेश

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा आवेदक सेजल विश्वकर्मा, दीपा




